TOGETHER
WE EMPOWER
RURAL INDIA

Name of publication: Dainik Jagran

Date: Jan 25, 2020

जागरण सिटी नारनौल/महेंद्रगढ़

बुजुर्गों की सेवा कानूनी कर्तव्य भी : शिखा

नियाज अलीपुर में कानूनी जागरूकता शिविर व स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

जागरण संवाददाता, नारनौल : मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शिखा की अध्यक्षता में अकेले नहीं हैं। आप नालसा बच्चों और उनकी सुरक्षा के लिए बाल हितैषी कानूनी सेवाएं योजना 2015 और एकल महिला अधिकारों के प्रवर्तन के लिए योजना के तहत गांव नियाज अलीपुर में कानूनी जागरूकता शिविर व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन एसएम सहगल फाउंडेशन के सहयोग से किया।

प्राधिकरण की सचिव शिखा ने कहा कि बुजुर्ग किसी भी परिवार की वो गहरी जड़ होते हैं, जिस पर पूरा परिवार टिका हुआ होता है। उन्होंने कहा कि अगर हमारी जड़ें मजबूत होंगी तो बड़ी से बड़ी परेशानी से हम लड़ सकते हैं। बुजुर्ग वह हैं, जो परिवार को एक धागे में पिरोए रखते है। वह परिवार के हर सदस्य को सही गलत का फर्क बताते हैं। अपने अनुभव से जिन्दगी जीने की नई सीख देते हैं। हम सबकी यह जिम्मेदारी बनती है कि घर में उन्हें हमेशा सम्मान दें, उनकी बात सुनें और घर के हर फैसले में उनकी सलाह लें। उन्हें बोझ समझ घर से न निकालें, बल्कि उन्हें अपनी जिम्मेदारी समझें। किसी कारणवश अगर उनसे दूर रहते हैं तो भी उनसे बात करने के लिए समय निकालें। उन्होंने कहा कि समय-समय पर उनसे मिलने जाएं। उन्हें अकेलापन महसूस न होने दें। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों की सेवा करना हमारा नैतिक दायित्व ही नहीं कानूनी कर्तव्य भी है इसके साथ-साथ उन्होंने एकल महिलाओं व बच्चों से सम्बंधित कानूनों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण द्वारा वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं व बचों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करने का प्रावधान है। कार्यक्रम में गेटवेल हॉस्पिटल से डा. उमेश गुप्ता, सर्जन व उनकी टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन कर करीबन 350 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई व जरुरतमंदों को जरुरी दवाइयां मुफ्त वितरित की गई।

गांव नियाजअलीपुर में स्वास्थ्य जांच शिविर का निरीक्षण करती सीजेएम शिखा • जागरण

इस मौके पर समाज कल्याण विभाग के प्रतिनिधि सुनील कुमार ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता बिर्जेंद्र प्रताप सिंह ने प्राधिकरण द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया।

इस अवसर पर बाल संरक्षण अधिकारी संदीप सिंह, एस सहगल फाउंडेशन से सैलेश पंत व उनकी टीम, ग्राम सचिव रामजीलाल, सरपंच नन्दलाल व कानूनी स्वयंसेवक मीनाक्षी तथा गांव गणमान्य लोग मौजूद थे।

Legal Literacy Camp and Health Camp in collaboration with District Legal Services Authority, Narnaul at village Niyajalipur

District Legal Services Authority representative, Ms. Shikha shared about the mandate of National Legal Services Authority and the various legal services being provided for women, old-age, and children at the legal literacy camp organized in village Niyajalipur. The camp has information booths explaining about various government programs and information of free legal aid to select groups.